प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज केन्द्रीय कर्मियों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का प्रस्ताव पारित : इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना को भी मिली मंजूरी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव को किया संबोधित : कहा– जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व गुण विकसित कर रही है युवा संसद की पहल।
3. प्रदेश भर में आज शांति पूर्वक संपन्न हुई अलविदा की नमाज़ : ईद और नवरात्रि पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे ने शुरू किया विशेष ट्रेनों का संचालन।

और

4. अयोध्या में कल से शुरू होगा रामनवमी मेला : सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के किये गये पुख्ता इंतजाम, घाटों पर जल पुलिस रहेगी मुस्तैद।

——————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदो की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मियों के लिए महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत बढ़ोत्तरी को मंजूरी दे दी है। इस बढ़ोत्तरी के बाद केन्द्रीय कर्मचारियों

और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता और महंगाई राहत 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 फीसदी हो जायेगा। नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह इस वर्ष की पहली जनवरी से लागू होगा। इससे केंद्र सरकार के 48 लाख 66 हजार कर्मचारियों और 66 लाख 55 हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा। इसके अलावा देश में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना को मंजूरी दी गई। श्री वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना के लिए 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे 91 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और कई अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष के खरीफ सीजन में किसानों को किफायती दरों पर फॉस्फेटिक और पोटैशिक उर्वरक उपलब्ध कराने की भी मंजूरी दी है। बाइट......

*डीएपी का प्राइस 1350पर 50 किलो बैग रहे इसके लिए भारत सरकार 37260 करोड़ रुपये की सब्सिडी का भार सहनकरेगी। इससे करोड़ों किसानों को इसका बेनिफिट मिलेगा इस खरीफ सीजन का स्टीमेट है। 180 लाख मैट्रिक टन का टोटल स्टीमेटेड कंजम्पशन होगा इस खरीफ सीजन में और 37260 का इसका सब्सिडी का बिल रहेगा।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल के फैसलों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना से रोजगार के अवसर पैदा होंगे और किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होने से प्रदेश के करोड़ों किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के विधान भवन में आयोजित विकसित भारत युवा संसद महोत्सव में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब आप लीक से हटकर कुछ नया और अतिरिक्त करते हैं, तो वह समाज के लिए प्रेरणा बनता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 240 युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में 2019 से शुरू हुई युवा संसद की यह पहल जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व गुण विकसित करने के उद्देश्य से आगे बढ रही है। मुख्यमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन को रेखांकित किया। उन्होंने कहाकि इसके लिए हमें पंच प्रणों को अपनाना होगा। बाइट.....

*अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी ने देशवासियों के सामने रखा था। एक विजन रखा था एक विजन डॉक्यूमेंट पच्चीस वर्ष का यह देश जब दो हज़ारसैंतालीस में अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा। सौ साल की यात्रा अपनी पूरी कर रहा होगा आजादी की तब कैसा भारत चाहिए एक विकसित भारत विकसित भारत की उस परिकल्पना को साकार करने के लिए हमारे स्तर पर क्या प्रयास होने चाहिए। हमारे स्तर पर प्रयास होने है। हर नागरिक के लिए पंचप्रण की बात प्रधानमंत्री मोदी जी ने की अलग अलग क्षेत्र में*

*जो पांच प्रण प्रधानमंत्री मोदी जी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देशवासियों को दिलाए थे, वे पंचप्रण इसके आधार बनेंगे।*

यह महोत्सव युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

---------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न आज लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में फूड प्वाइजनिंग से प्रभावित बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती सभी बच्चों से उनका हालचाल जाना। साथ ही डॉक्टर्स और अधिकारियों को बच्चों का सुचारू रूप से इलाज करने के निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

बीते दिनों रात के भोजन के बाद लखनऊ के मोहान रोड स्थित एक संस्था के करीब सत्तर बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसमें चार बच्चों की मौत हो गई थी।

---------

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या में आयोजित एक कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने के लिये विभिन्न संसाधन सामग्रियों का वितरण किया। राज्यपाल ने 144 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को

सुनिश्चित करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

————————

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने आज लखनऊ में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के स्वच्छ सुजल महाकुम्भ सेवा सम्मान 2025 के कार्यक्रम में जल समाधान पोर्टल का उद्घाटन किया। इस पोर्टल की मदद से आमजन को विभागीय जानकारियां प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति को जानकारी के अलावा टोल फ्री नम्बर, क्यू आर कोड, नये कनेक्शन को जोड़ने के लिए नम्बर और किसी भी प्रकार की शिकायतों से जुड़ी जानकारी को साझा किया गया है।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश भर में माह–ए–रमज़ान के आखिरी जुमा यानी अलविदा की नमाज़ आज शांति पूर्वक संपन्न हो गई । इसको लेकर राज्य भऱ में हाई अलर्ट था। लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि नमाज के बाद नमाजियों ने मुल्क की तरक्की और देश में अमन की दुआ की। बाइट.....

*आज पुरे लखनऊ में रमजान के आखिरी जुमा की नमाज़ बहुत ही पुरमन तौर पर अदा की गयी और हमारे यहाँ जहाँ मस्जिद ईदगाह में भी बड़ी तादाद में लोगों ने नमाज अदा की और मुल्क की तामीर और तरक्की दुआ की गई।*

—————————

उत्तर रेलवे ईद और नवरात्रि के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए कई विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इसकी जानकारी देते हुए उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि रेलवे की इस सुविधा से यात्रियों को आने–जाने में सहूलियत होगी। बाइट.....

*उत्तर रेलवे द्वारा आगामी लंबे वीकेंड नवरात्री तथा ईद के अवसर आरोप यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा देने के लिए दिल्ली क्षेत्र ऐसी विभिन्न स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिसमे मुख्य रूप ऐसी आनंद विहार टर्मिनल ऐसी भागलपुर, दिल्ली ऐसी सहरसा तथा कटिहार के लिए तथा नई दिल्ली ऐसी जयनगर के लिए अनरिजर्व स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है तथा पुरानी दिल्ली ऐसी लखनऊ के लिए रिजर्व स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।*

—————————

चत्र नवरात्र को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने वाराणसी परिक्षेत्र में 70 अतिरिक्त बसों को चलाने का फैसला किया है। वाराणसी के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडे ने बताया कि 29 मार्च को यानो चत्र नवरात्रि के 1 दिन पहले से लेकर 6 अप्रैल तक यात्रियों की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है। बाइट.....

*ये कई हमारी डेली चलती है लेकिन उसके अलावा हमने सत्तर बसों का पूरे परिक्षेत्र में बनारस सेंट जौनपुर गाजीपुर सोनभद्र और विंध्याचल मिलाकर के सत्तर बसों की प्लानिंग एक्स्ट्रा सर्विसेज का किया है इसमें पूर्व से इक्कइस दोनों मिलाकर इक्यानवे बसें उपलब्ध रहेंगी और इनको हम छः तारीख तक उनतीस और तीस की मध्य रात्रि से लेकर छः तारीख नवरात्रि के तिथि तक हम चलाएंगे*

———————

अयोध्या में कल से रामनवमी मेले की शुरुआत हो जाएगी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में छह अप्रैल को भव्यता के साथ राम नवमी मनाई जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड के मद्देनजर तैयारी पूरी कर ली है। अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि रामनवमी को लेकर यातायात प्रबंधन की पूरी व्यवस्था की गई है। बाइट......

*सारी व्यवस्थाएं की गयी है और भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाएं भी की गयी है। जल पुलिस एसडीआरएफ के माध्यम ऐसी घाट पर भी पर्याप्त व्यवस्था रहेगी और भीषण गर्मी को देखते हुए जो प्रशासन और नगर निगम और अन्य विभागों के साथ मिलकर के स्वास्थ्य के साथ मिल करके हम लोग इस तरह की व्यवस्था*

*रखेंगे कि लोगों को सुरक्षित रखा जा सके, व्यवस्थित रखा जा सके। साथ ही साथ सुरक्षा को लेकर के कोई कसर न रहे तो फोर्स मल्टीप्लायर के साथसाथ जो भी हमारे पास तकनीकी आगम है वो सारे के सारे हम इसमें शामिल कर रहे हैं।*

—————————

चेन्नई में आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चलेंजर्स बैंगलूरू का मुकाबला चेन्नइ सुपर किंग्स से हो रहा है। पिछले मैच में चेन्नई ने मुंबई इंडियन्स को और बैंगलूरू ने वर्तमान चंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को हराया था।

—————————

प्रदेश के कई जिलों में सामान्य से अधिक तापमान दर्ज किया गया है। प्रयागराज और हमीरपुर में हीट वेव की स्थिति रही, जबकि वाराणसी, सुल्तानपुर और फुरसतगंज में गर्म दिन दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

(समाप्त)